दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-94 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 19 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## यूपी में मैजिक को ट्रक ने मारी टक्कर, 10 लोगों की मौत, 3 गंभीर



लखीमपुर-खीरी,(ए.)। लखीमपुर-खीरी के ईशानगर थाना क्षेत्र के उंचा गांव के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 09 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।सूत्रों के मुताबिक सोमवार सुबह सवारियों से भरी एक मैजिक गाड़ी लखीमपुर से सिसैया जा रही थी। गाड़ी उंचा गांव के पास पहुंची ही थी कि बहराइच की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।जानकारी के मुताबिक हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग और ग्रामीण मदद के लिए दौड़े।

लोगों ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू की, लेकिन तब तक आठ लोग दम तोड़ चुके थे। सूचना मिलते ही ईशानगर थाने की पुलिस बल मौके पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लखीमपुर खीरी में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत आत्मा को शांति देने और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक स्थल जगदलपुर में लोक कलाकारों द्वारा आयोजित पारंपरिक लोकशिल्पों की लघु प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सरकारी मंदिरों के पुजारियों के वेतन का मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने समीक्षा समिति बनाने की याचिका खारिज की



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों और मंदिर कर्मचारियों के वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने की.पीठ ने कहा कि जो लोग इससे परेशान हैं, वे सीधे अदालत का रुख कर सकते हैं और कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर विचार करने के पक्ष में नहीं है. पीठ ने टिप्पणी की, जो लोग पीड़ित हैं, वे अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगे...याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2006 के इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने कहा था कि वक्फ की तरह ही पुजारियों और सेवादारों के लिए भी न्यूनतम सम्मानजनक वेतन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि वे गरिमापूर्ण जीवन जी सकें. वकील ने इस जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे के संबंध में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले का भी जिक्र किया.इस पर जस्टिस मेहता ने कहा, मद्रास हाईकोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट दोनों में ही वह किसी का व्यक्तिगत मामला था. उपाध्याय ने तर्क दिया कि यह एक देशव्यापी मुद्दा है और ध्यान दिलाया कि एक भी मस्जिद या चर्च सरकारी नियंत्रण में नहीं है.शीर्ष अदालत ने उपाध्याय से पुजारियों के मामलों में न पड़ने को कहा, क्योंकि हो सकता है कि उन्हें मंदिरों के पुजारियों और सेवादारों की कमाई के बारे में जानकारी न हो. पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और उपाध्याय को कानून के तहत उपलब्ध अन्य विकल्पों का इस्तेमाल करने की छूट देते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

### आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला गिरफ्तार, ईडी ने छापेमारी के बाद की कार्रवाई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बैंक धोखाधड़ी मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले, केंद्रीय एजेंसी ने सुबह, दिल्ली और गोवा में उनके आवास पर तलाशी ली थी। वर्ष 2024 में भी एजेंसी ने उनके घर पर छापा मारा था। आप ने छापेमारी और सिंगला की गिरफ्तारी के बाद भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से पार्टी का संगठनात्मक डेटा हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंगला पर 155 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। ये मामला महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है। इसी मामले में, महीने की शुरूआत में आप के पंजाब कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा पर भी कार्रवाई की थी।

### नीट पेपर लीक : प्रोफेसर ने आपस में बांट लिए थे सब्जेक्ट, सीबीआई की पूछताछ में हुआ खुलासा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सीबीआई ने NEET पेपर लीक मामले में जांच तेज कर दी है। पुणे के एक प्रतिष्ठित कॉलेज से जुड़ी प्रोफेसर मनीषा मांढरे को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। देशव्यापी परीक्षा में हुई धांधली के मामले में चल रही जांच के तहत, CBI अधिकारियों ने शनिवार को पुणे में मांढरे के आवास पर पूछताछ की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर परीक्षा के पेपर के कुछ खास हिस्सों को लीक करने के लिए विषयों को आपस में बांट लिया था। कथित तौर पर केमिस्ट्री से जुड़े सवालों की जिम्मेदारी प्रह्लाद कुलकर्णी पर थी, जबकि प्रोफेसर मनीषा मांढरे कथित तौर पर बॉयोलाजी के सवालों को संभाल रही थीं।जांचकर्ताओं को संदेह है कि एग्जाम के पेपर से चुने हुए सवाल एजेंटों के एक नेटवर्क के जरिए लीक किए गए थे, जिसमें मनीषा वाघमारे, धनंजय लोखंडे और शुभम खैरनार शामिल थे। इसके बाद पेपर छात्रों के बीच बांटे गए थे। सूत्रों का कहना है कि मनीषा वाघमारे और प्रह्लाद कुलकर्णी एक-दूसरे को लातूर के दिनों से जानते थे। कुलकर्णी और मांढरे भी कथित तौर पर NEET परीक्षाओं के लिए पेपर सेट करने में एक-दूसरे से जुड़े थे।जांच के दौरान सामने आया कि मांढरे बाद में पुणे के बिबवेवाड़ी इलाके में गंगा ओशियाना सोसाइटी में रहने लगीं, जहां मनीषा वाघमारे पहले से ही रह रही थीं।



## सासाराम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में लगी भयानक आग



सासाराम,(आरएनएस)। बिहार के रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, सुबह साढ़े 5 बजे ट्रेन में आग लगने की बात सामने आई। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी भी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। समय रहते उठाए गए जरूरी कदम की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि सासाराम रेलवे स्टेशन पर सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन लगी हुई थी। इसी बीच इंजन की ओर से 5वें बोगी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और ट्रेन की एक बोगी जलकर राख हो गई। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े 5 बजे हमें सूचना मिली थी कि सासाराम पटना पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। कोई कैजुअलटी नहीं हुई है, आग लगने की सूचना पाकर पायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### मुंबई हवाई अड्डे पर कर्मचारियों की हड़ताल, विमानों के अंदर फंसे रहे यात्री

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने-जाने वाली एयर इंडिया की कई उड़ानों को सोमवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दरअसल, एक ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के कर्मचारियों ने अस्थायी रूप से हड़ताल कर दी, जिसके बाद यात्रियों को जरूरी सुविधाएं और सेवाएं नहीं मिल सकीं। विमान से उतरने वाले यात्रियों को उनका सामान नहीं मिल सका और चढ़ने वाले यात्रियों का सामान विमान में नहीं चढ़ाया गया, जिससे घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली लगभग 15 उड़ानें 90 मिनट से लेकर 2 घंटे तक विलंबित हुईं। हैदराबाद से मुंबई आने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान सोमवार को सुबह 11:45 बजे पहुंची, लेकिन उसमें बैठे यात्री कम से कम एक घंटे तक विमान से उतर नहीं पाए।

## प्याज के आँसू: महाराष्ट्र के किसान गहरे संकट में, लागत भी निकालना मुश्किल

### जंग के कारण निर्यात हुआ कम, कौड़ियों में बिक रहा प्याज



नासिक,(ए.)। महाराष्ट्र के नासिक और सोलापुर जिलों से सामने आ रही तस्वीरें इसका सबूत हैं कि मुसीबत की घड़ी आ गई है। प्याज के गिरते दामों ने इन क्षेत्रों के हजारों किसानों की कमर तोड़ दी है। मंडियों में प्याज की भरमार है, लेकिन खरीदार न मिलने या बहुत कम दाम मिलने के कारण अन्नदाता परेशान हैं। उन्हें अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिलना तो दूर, लागत भी निकालना मुश्किल हो रहा है, जिससे दिवालिया होने का खतरा मंडरा रहा है। इस सीजन में महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक बेल्ट में किसानों को भारी निराशा हाथ लगी है। पहले बेमौसम बारिश ने फसल को नुकसान पहुंचाया, और अब पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के कारण प्याज का निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो गया है। नतीजतन, थोक मंडियों में प्याज के दाम उत्पादन लागत से काफी नीचे गिर गए हैं, इससे किसानों को भारी वित्तीय घाटा हो रहा है।नासिक, सोलापुर और छत्रपति संभाजीनगर के किसानों के कई हृदय विदारक मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पाथन तालुका के किसान ने 1,262 किलो प्याज बेचने के बाद अपने खाते में माइनस एक रुपया देखा, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसी तरह, सताना एपीएमसी में जितेंद्र सोलंकी को क्विंटल प्याज 175 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचना पड़ा, जबकि प्याज को उगाने में 1,200 रुपये प्रति क्विंटल का खर्च आया था। उन्हें सीधे तौर पर 6,000 रुपये का घाटा हुआ। पुणे के किसान बताते हैं कि वे प्याज को 4-5 रुपये प्रति किलो बेच रहे हैं, जबकि उनकी उत्पादन लागत 12 रुपये प्रति किलो से कहीं अधिक है।

## अगले 7 दिन तक आसमान से बरसेगी आग, गंभीर लू के बीच मानसून को लेकर आ गई बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर भारत समेत देश के अधिकांश हिस्से इस समय भीषण और जानलेवा गर्मी की चपेट में आ चुके हैं। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के तमाम इलाकों में सूरज लगातार आग उगल रहा है और लू (Heatwave) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग (IMD) ने एक बेहद डराने वाली चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले सात दिनों तक देश के लोगों को इस भीषण गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञानियों ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के साथ-साथ महाराष्ट्र के विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा क्षेत्रों के लिए लू का गंभीर अलर्ट जारी किया है।

### रात में भी चैन नहीं, इन राज्यों में 'वार्म नाइट' का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अखिलेश श्रीवास्तव के अनुसार, आने वाले पूरे एक हफ्ते तक लोगों को सूरज के तीखे तेवरों का सामना करना ही पड़ेगा। इतना ही नहीं, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी



उत्तर प्रदेश के इलाकों में दिन के साथ-साथ रातें भी बेहद गर्म रहने वाली हैं, जिसके लिए 'वार्म नाइट' का विशेष 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश और विदर्भ के कुछ हिस्सों में हालात सामान्य लू से कहीं ज्यादा बदतर होकर 'गंभीर लू' (Severe Heatwave) में बदल सकते हैं, जिसे देखते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके अलावा ओडिशा में भी अगले तीन से चार दिनों तक उमस और दमघोंटू गर्मी लोगों को बेहाल करने वाली है।




## देश की पहली बुलेट ट्रेन की तस्वीर आई सामने, रेलवे मंत्रालय में दिखी भारत के भविष्य की सबसे फास्ट ट्रेन की झलक

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत में बुलेट ट्रेन का सपना अब धीरे-धीरे हकीकत बनता दिखाई दे रहा है। भारतीय रेलवे ने देश की पहली बुलेट ट्रेन का डिजाइन पब्लिक कर दिया है। नई दिल्ली स्थित रेलवे मंत्रालय में इस ट्रेन की तस्वीर लगाई गई है, जिसने लोगों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। रेलवे मंत्रालय के गेट नंबर-4 पर लगाई गई यह तस्वीर भारत की भविष्य की सबसे तेज ट्रेन की पहली आधिकारिक झलक मानी जा रही है। यह बुलेट ट्रेन मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर चलेगी और देश में हाई-स्पीड यात्रा का नया दौर शुरू करेगी। ये बुलेट ट्रेन आने वाले समय में भारत की रेल यात्रा पूरी तरह बदलने वाली है। आधुनिक डिजाइन, तेज रफ्तार और अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह ट्रेन सिर्फ सफर को आसान नहीं बनाएगी, बल्कि भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में भी खड़ा करेगी जहां बुलेट ट्रेन जैसी एडवांस रेल सेवाएं मौजूद हैं।508 किलोमीटर लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट भारत का पहला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट है। यह ट्रेन महाराष्ट्र, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली से



होकर गुजरेगी। इस रूट पर कुल 12 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं।रेलवे के अनुसार गुजरात के 8 स्टेशनों पर फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। वहीं महाराष्ट्र में ठाणे, विरार और बोइसर में तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्टेशन पर खुदाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा समुद्र के नीचे बनने वाली सुरंग का काम भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस हाई-स्पीड ट्रेन को मेक इन इंडिया पहल के तहत तैयार किया जा रहा है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री और बेंगलुरु की बीईएमएल मिलकर ट्रेन सेट विकसित कर रही हैं। रेलवे के मुताबिक इस ट्रेन की डिजाइन स्पीड करीब 280 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इससे मुंबई से अहमदाबाद का सफर कुछ ही घंटों में पूरा किया जा सकेगा।बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को जापान की हाई-स्पीड रेल तकनीक की मदद से विकसित किया जा रहा है। हालांकि इसे भारत के मौसम और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तरीके से तैयार किया गया है। रेलवे का कहना है कि सुरक्षा और आराम के मामले में यह ट्रेन विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि भारत के परिवहन सिस्टम में बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। इससे यात्रा तेज होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और हाई-स्पीड रेल तकनीक में भारत की नई पहचान बनेगी।

### यूपी से गिरफ्तार हुआ शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या करने वाला शूटर, सामने आई हत्यारे की पहली तस्वीर

मुजफ्फरनगर, (आरएनएस)। शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने मुजफ्फरनगर पुलिस के साथ मिलकर सुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या मामले में राजकुमार नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने आरोपी को मुज्जफरनगर से दबोचा है। हत्यारे की तस्वीर भी सामने आई है।

आरोपी का असली नाम राजकुमार है। हालांकि, इसको राज सिंह के नाम से भी जानते हैं। इस हत्याकांड में सबसे अहम रोल इसी राजकुमार का है, ये मेन शूटर बताया जा रहा है। इस हत्याकांड के पीछे का मोटिव अभी तक क्लियर नहीं हुआ है। आरोपी को मंगलवार को कोलकाता स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा।इस हत्याकांड में बंगाल पुलिस ने पहले तीन गिरफ्तारी की थी, जो 23 मई तक सीबीआई की कस्टडी में है। अब सीबीआई ने एक और गिरफ्तारी की है। इस मामले में अब तक कुल 4 गिरफ्तार किए जा चुके हैं।बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित होने के ठीक दो दिन बाद, 6 मई की रात को शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या कर दी गई थी। 6 मई की रात को जब चंद्रनाथ रथ उत्तरी 24 परगना जिले के मध्यग्राम स्थित अपने घर में एक पार्टी कार्यक्रम से लौट रहे थे।

# नाटो भी देखता रह जाएगा! पुतिन के इस खास दोस्त को मिलने जा रहे हैं महाविनाशक परमाणु हथियार.. जानिए कैसे ?

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक तरफ जहां अमेरिका इस बात पर अड़ा है कि ईरान किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल न कर सके, वहीं दूसरी तरफ रूस ने दुनिया को चौंकाने वाला कदम उठा लिया है। रूस ने अपने सहयोगी देश बेलारूस की सरजमीं पर परमाणु हथियारों की तैनाती की खतरनाक तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के तहत सबसे पहले बेलारूस ने अपने सैनिकों के लिए एक विशेष और गुप्त प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की है। जवानों का यह प्रशिक्षण पूरा होते ही रूस से बेलारूस को महाविनाशक परमाणु हथियार मिल सकते हैं, जिन्हें सीधे मॉस्को के इशारे पर इस्तेमाल किया जाएगा।



### बेहद गुप्त तरीके से दी जा रही है हथियारों की ट्रेनिंग

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, बेलारूस की सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि की है कि वह अपने जवानों को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बारीकियां सिखा रही है और जल्द ही उन्हें ये खतरनाक हथियार सौंपे जा सकते हैं। बेलारूस के रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी। ऐसा माना जा रहा है कि बेलारूस के इन जवानों को रूस के दिग्गज वैज्ञानिक खुद ट्रेनिंग देंगे और उनकी कड़ी निगरानी करेंगे, ताकि इस पूरी प्रक्रिया को बिना किसी चूक के आसानी से पूरा किया जा सके।

### रूस के पास है दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु जखीरा

दुनिया भर में रूस के पास परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार मौजूद है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल (सिपरी) के आंकड़ों के मुताबिक, मॉस्को के पास 5 हजार से भी ज्यादा परमाणु हथियार हैं, जिनमें RS-28 Sarmat, RS-24 Yars और Topol-M (SS-27) जैसी खतरनाक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें (ICBM) शामिल हैं। हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा था कि रूस सम्मत मिसाइल तैनात करने जा रहा है, जिसकी रेंज 35 हजार किलोमीटर है। पूरी दुनिया में इसे सबसे लंबी दूरी तक मार करने वाली अचूक मिसाइल माना जा रहा है।

### आखिर बेलारूस को क्यों हथियार सौंप रहा है रूस ?

बेलारूस रूस का एक बेहद अहम रणनीतिक साझेदार है, जिसकी सीमाएं यूक्रेन, रूस और तीन नाटो देशों से घिरी हुई हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बेलारूस की इस भौगोलिक स्थिति का इस्तेमाल करके पूरे यूरोप पर भारी कूटनीतिक और सैन्य दबाव बनाना चाहते हैं। साल 2023 में पुतिन ने कहा था कि वे शुरुआत में वहां 10 हथियार तैनात करेंगे और इसके इस्तेमाल में बेलारूस की कोई भूमिका नहीं होगी। हालांकि, अब जिस तरह से बेलारूस के जवानों को ट्रेनिंग दिए जाने की खबर सामने आई है, उससे पुतिन के उस दावे पर संदेह पैदा हो गया है।

बेलारूस और यूक्रेन के बीच 1000 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा है। ऐसे में इन हथियारों की तैनाती के जरिए रूस यह साफ और कड़ा संदेश दे रहा है कि आने वाले समय में यूक्रेन युद्ध का दायरा और भी ज्यादा विस्तृत और विनाशकारी हो सकता है।

## चीन में 5.2 तीव्रता के भूकंप से गिरीं 13 इमारतें, 2 की मौत

बीजिंग (आरएनएस)। चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र में सोमवार तड़के आए 5.2 तीव्रता के भूकंप से हड़कंप मच गया। लिउझोउ शहर में आए भूकंप में अब तक 2 लोगों की मौत हुई है, जबकि एक लापता है। ग्वांग्शी भूकंप प्रशासन ने बताया कि भूकंप 8 किलोमीटर की गहराई पर था और इसका केंद्र ताइयांगकुन कस्बे में स्थित था, जो लिउझोऊ शहर से 16 किलोमीटर दूर है। भूकंप की वजह से प्रभावित क्षेत्रों में 13 इमारतें ढहने की सूचना मिली है।



रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप का असर लिउझोउ के साथ गुइगांग, वूझोउ, हेची, नानिंग और आसपास के अन्य शहरों में महसूस किए गए हैं। कम से कम 7,000 से अधिक स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। संचार, बिजली, पानी, गैस आपूर्ति और सड़क परिवहन सहित बुनियादी सार्वजनिक सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं। बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

## अमेरिका के इडाहो एयर शो में 2 लड़ाकू विमानों की हवा में टक्कर, पायलट बचकर निकले

वाशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिका के इडाहो में स्थित माउंटेन होम एयर फोर्स बेस में रविवार को एक हवाई प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी नौसेना के 2 विमान आपस में हवा में टकरा गए। हादसा गनफाइटर स्काईज एयर शो के दौरान घटी। घटना के समय ईए-18जी ग्रोवलर विमान हवा में प्रदर्शन कर रहे थे। विमानों की टक्कर होने पर चालक दल के चारों सदस्य सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए और उनकी हालत स्थिर है। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।



यह टक्कर सैन्य अड्डे से करीब 2 मील दूर हवा में हुई है। नौसेना दुर्घटना की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो दर्शकों द्वारा साझा किया गया है। इसमें टक्कर का क्षण और उसके बाद चालक दल के सदस्यों को पैराशूट से बाहर निकलते देखा जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों लड़ाकू विमान आपस में चिपक गए और फिर आग के गोले में बदल गए।अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं और बेस को भी सील किया गया है। गनफाइटर स्काईज़ एयर शो 8 साल बाद इस सप्ताहांत में आयोजित हुआ था, जिसमें हजारों लोगों ने सैन्य विमानों के प्रदर्शन और हवाई करतब देखने के लिए इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। एयर शो के आयोजक लगभग 2 साल से प्रदर्शन की तैयारी में जुटे थे। इस दौरान सुरक्षा दल और रखरखाव कर्मी तैनात थे।वर्ष 2018 में, बेस पर कार्यक्रम के दौरान रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक हैंग ग्लाइडर पायलट की मौत हो गई थी। इससे पहले, 2003 में माउंटेन होम में एयर शो के दौरान थंडरबर्ड्स का जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। हालांकि, पायलट बच गया।

## अब समुद्र में बिछी इंटरनेट केबल्स पर ईरान की नजर, गूगल-अमेजन से मांग सकता है शुल्क



तेहरान,(आरएनएस)। अमेरिका-ईरान तनाव और होर्मुज स्ट्रेट पर जारी संकट के बीच अब ईरान ने समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान बड़ी टेक कंपनियों से इन केबल्स के इस्तेमाल के बदले फीस लेने की तैयारी कर रहा है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ने भी सोशल मीडिया पर इसका संकेत दिया है। इससे दुनिया की इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं को लेकर नई चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान चाहता है कि गूगल, अमेजन और मेटा जैसी कंपनियां सबमरीन केबल इस्तेमाल करने के बदले भुगतान करें। साथ ही, केबल बिछाने वाली कंपनियों को लाइसेंस फीस भी देनी पड़ सकती है। ईरान यह भी चाहता है कि रिपेयर और मेंटेनेंस का काम सिर्फ उसकी स्थानीय कंपनियों को मिले। हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण यह साफ नहीं है कि विदेशी कंपनियां ईरान को भुगतान कैसे करेंगी और नियमों का पालन कैसे होगा।समुद्र के नीचे बिछी सबमरीन केबल दुनिया के इंटरनेट सिस्टम की सबसे अहम कड़ी मानी जाती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया का लगभग 99 प्रतिशत इंटरनेट ट्रैफिक इन्हीं केबल्स से चलता है। ये केबल भारत, खाड़ी देशों, यूरोप और एशिया को जोड़ती हैं। इनके जरिए इंटरनेट, क्लाउड सर्विस, ऑनलाइन कॉल और डिजिटल पेमेंट जैसी सेवाएं चलती हैं। होर्मुज स्ट्रेट से कई बड़ी अंतरराष्ट्रीय केबल भी होकर गुजरती हैं।

अगर इन सबमरीन केबल्स को नुकसान पहुंचता है, तो कई देशों में इंटरनेट सेवा प्रभावित हो सकती है।

## मेक्सिको में हुई गोलीबारी, 3 महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी, (आरएनएस)।फीफा विश्व कप की तैयारी कर रहे मेक्सिको में सोमवार को बड़ी वारदात सामने आई है। यहां प्यूब्ला राज्य के तेहुइटजिंगो शहर में तड़के 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ितों पर कथित तौर पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया था। सुबह तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसियों ने गोलीबारी की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। तब मौके पर कई लोग घायल मिले, जिनकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। राज्य के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने बताया कि नेशनल गार्ड, अटॉर्नी जनरल का कार्यालय, राज्य पुलिस, स्थानीय पुलिस और खुफिया विभाग ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

यह वारदात ऐसे समय पर हुई है, जब 11 जून से राजधानी मेक्सिको सिटी में विश्व कप शुरू होने वाला है। यह घटना मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किलोमीटर में हुई है। तेहुइटजिंगो में लगभग 11,300 लोग रहते हैं। मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम ने विश्व कप से पहले सुरक्षा को मजबूत करने का वादा किया है। राज्य में नेशनल गार्ड सैनिकों, पुलिस अधिकारियों और निजी सुरक्षा फर्मों के 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है।

# फीचर

## साड़ी के बाद दिखा अदिति राव का ग्लैमरस अवतार, नियॉन ड्रेस में लगीं बला की खूबसूरत

अदिति राव हैदरी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराई. पहले दिन वो ट्रेडिशनल साड़ी लुक में नजर आईं, जिसमें उनका ग्रेस और एलिगेंस लोगों को खूब पसंद आया. वहीं दूसरे दिन उन्होंने स्टाइलिश ड्रेस पहनकर रेड कार्पेट पर एंट्री ली और अपने ग्लैमरस अंदाज से सबका ध्यान खींच लिया.



कान्स फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन अदिति राव ने ग्लैमरस लुक में एंट्री ली. एक्ट्रेस ने अपने लुक से सबका ध्यान खींच लिया. अदिति ग्रीन कलर के हाई स्लिट गाउन में दिखीं. एक्ट्रेस के इस लुक की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है. अदिति ने लुक को और भी ग्रेसफुल और मॉडर्न बनाने के लिए गले में एक सिंपल चोकर पहना. एक्ट्रेस ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया. अदिति ने हेयरस्टाइल बनाने के बजाय बालों के खुला रखा. अदिति के इस लुक पर और इन अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं. उन्होंने रेड कार्पेट पर जमकर पोज दिए. अदिति के इस लुक को देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक फैन ने लिखा, कान्स में आपका लुक कई लोगों से ज्यादा चमक रहा है. आपकी ड्रेस मुझे सच में बहुत पसंद आई. बता दें, पहने दिन एक्ट्रेस कान्स में साड़ी पहन कर पहुंची थीं. इस दौरान उन्होंने अपने लुक से सारी लाइमलाइट लूट ली थी.

## बेहद ग्लैमरस हैं मैं वापस आऊंगा एक्ट्रेस, शरवरी वाघ के इन लुक्स से नहीं हटा पाएंगे अपनी नजर



शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस एक्टिंग के साथ-साथ अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. ऐसे में आइए देखते हैं उनके कुछ ग्लैमरस लुक्स, जो आपको दीवाना बना देंगें.

शरवरी वाघ इम्तियाज अली की अपकमिंग फिल्म मैं वापस आऊंगा में नजर आने वाली हैं. फिल्म में वो दिलजीत दोसांझ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. दोनों को बड़े पर्दे पर साथ देखने के लिए फैंस बेताब हैं. फिल्म में शरवरी एक्टर संग रोमांस करती दिखेंगी. फिल्म में अपने दिलकश अंदाज से एक्ट्रेस दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं. बता दें, शरवरी रियल लाइफ में भी अनपे ग्लैमरस अवतार से लोगों को घायल कर देती है. उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होती रहती हैं. उनके स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक्स इतने अट्रैक्टिव होते हैं कि उन पर से अपनी नजरें हटाना बेहद मुश्किल हो जाता है. शरवरी अक्सर अपने सिजलिंग लुक्स से सोशल मीडिया पर आग लगा देती हैं. इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी अदाओं ये सभी को दीवाना बना रही हैं. इस फोटो में एक्ट्रेस शिमरी बॉडीकॉन ड्रेस में कहर ढा रही हैं. कॉन्फिडेंट अंदाज में पोज देती एक्ट्रेस बला की खूबसूरत दिख रही हैं. शरवरी का ये अंदाज भी देखने लायक है. मिनी ड्रेस पहने एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश दिख रही हैं.

## कहीं आपकी रोजाना की ये 5 आदतें आपको तनावग्रस्त तो नहीं बना रहीं ?

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव एक आम समस्या बन गई है। हम अक्सर सोचते हैं कि हमारी दिनचर्या सामान्य है, लेकिन कई बार छोटी-छोटी आदतें भी हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाल सकती हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसी ही आदतों पर चर्चा करेंगे, जो बिना जाने हमारी मानसिक शांति को प्रभावित कर सकती हैं। इन आदतों को पहचानकर और सुधारकर हम अपने जीवन को अधिक सुखद बना सकते हैं।

### मोबाइल का अधिक उपयोग

मोबाइल का अधिक उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। जब हम लगातार अपने फोन पर नजरें गड़ाए रखते हैं तो इससे हमारी आंखों पर दबाव पड़ता है और नींद भी प्रभावित होती है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट देखने से भी तनाव बढ़ सकता है। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि सोने से एक घंटा पहले और उठते ही एक घंटा मोबाइल का उपयोग न करें।



### समय की कमी

समय की कमी भी हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। अगर हम अपने कामों को समय पर पूरा नहीं कर पाते तो इससे तनाव बढ़ता है। इसके अलावा समय पर आराम न करने से भी मानसिक थकान होती है। इससे बचने के लिए अपने दिनचर्या में समय प्रबंधन शामिल करें। कामों को प्राथमिकता दें और ब्रेक लें, ताकि आप तरोताजा महसूस करें और बेहतर तरीके से काम कर सकें।

### चाय या कॉफी का ज्यादा सेवन

चाय या कॉफी का ज्यादा सेवन करने से हमारी नींद प्रभावित होती है और लोग रात को ठीक से सो नहीं पाते। कैफीन युक्त चीजों का ज्यादा सेवन करने से हमारा शरीर तनावग्रस्त रहता है। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि दिनभर में एक-2 कप ही चाय या कॉफी का सेवन करें। अगर आप कैफीन युक्त चीजों का सेवन कम करेंगे तो इससे आपकी नींद बेहतर होगी और आप अधिक तरोताजा महसूस करेंगे।

### सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि पर ज्यादा समय बिताने से हम दूसरों की जिंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं, जिससे आत्मविश्वास कम होता जाता है। इससे बचने के लिए अपने सोशल मीडिया के उपयोग समय को सीमित करें और असली दुनिया के साथ अधिक समय बिताने की कोशिश करें। इसके अलावा अपनी सोशल मीडिया फीड को सकारात्मक और प्रेरणादायक चीजों से भरें, ताकि आपका मनोबल बढ़े और आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहें।

### एक साथ कई काम करना

एक साथ कई काम करना भले ही आपको प्रभावी लगे, लेकिन यह आपके दिमाग पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे आप जल्दी थक जाते हैं। इससे बचने के लिए एक समय पर एक ही काम करें और उसे पूरा करने के बाद ही अगले काम पर जाएं। इससे आपका ध्यान केंद्रित रहेगा और आप बेहतर तरीके से काम कर पाएंगे। इस तरह आप अधिक उत्पादक बन सकते हैं और तनावमुक्त रह सकते हैं।

## गर्मियों के दौरान क्यों अस्थिर हो जाता है शक्कर का स्तर ? जानिए इसके 5 कारण

गर्मी का मौसम मधुमेह रोगियों के लिए चुनौतियों से भरा होता है। इस दौरान न केवल शक्कर के स्तर में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है, बल्कि शरीर में इंसुलिन का असर भी कम हो सकता है। इंसुलिन का असर कम होने से शरीर की कोशिकाएं शक्कर को सही तरीके से अवशोषित नहीं कर पाती हैं। आइए गर्मी के मौसम में शक्कर के स्तर में उतार-चढ़ाव आने के संभावित कारणों पर नजर डालते हैं।

### भोजन का पाचन

गर्मियों के दौरान पाचन तंत्र की गति धीमी हो सकती है, जिससे भोजन का सही तरीके से पाचन नहीं हो पाता है। इससे शरीर में गैस, सूजन और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण इंसुलिन का असर कम हो सकता है, क्योंकि शरीर की कोशिकाएं शक्कर को सही तरीके से अवशोषित नहीं कर पाती हैं। इससे शक्कर का स्तर अस्थिर हो सकता है और मधुमेह के लक्षण और भी गंभीर हो सकते हैं।

### पानी की कमी

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक आता है, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे इंसुलिन का असर कम हो जाता है और शक्कर का स्तर अस्थिर हो सकता है। इसके कारण मधुमेह रोगियों को थकान, कमजोरी और



चिड़चिड़ापन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, इस मौसम में अधिक से अधिक पानी पीएं और तरल पदार्थों का सेवन करें। साथ ही नमक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

### खाने की आदतें

गर्मी के मौसम में खाने की आदतें भी प्रभावित हो सकती हैं। कई लोग ठंडे पेय और तले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं, जो सेहत के लिए सही नहीं होते हैं। इससे शरीर में सूजन बढ़ सकती है और इंसुलिन का असर कम हो सकता है। इसलिए, इस मौसम में पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार लें और जंक फूड से दूर रहें। इसके अलावा समय-समय पर अपने शक्कर के स्तर की जांच करवाते रहें।

### व्यायाम की कमी

गर्मी से बचने के लिए कई लोग घर से बाहर नहीं निकलते और व्यायाम नहीं करते हैं, जिससे वजन बढ़ने लगता है। बढ़ता वजन इंसुलिन का असर कम कर सकता है। इसलिए, मधुमेह रोगियों को रोजाना कुछ मिनट व्यायाम जरूर करना चाहिए। इससे उनका वजन नियंत्रित रहेगा और मधुमेह के लक्षण भी कम हो जाएंगे। इसके अलावा व्यायाम से शरीर में शक्कर का सही तरीके से अवशोषण हो सकता है।

### तनाव और अनिद्रा

तनाव और अनिद्रा भी शक्कर के स्तर को प्रभावित कर सकते हैं। तनाव से शरीर में एक हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे इंसुलिन का असर कम हो सकता है। वहीं अनिद्रा से शरीर ठीक से काम नहीं कर पाता और शक्कर का स्तर अस्थिर हो सकता है। इसलिए, मधुमेह रोगियों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए और तनाव को कम करने के उपाय अपनाने चाहिए। इनकी मदद से आप शक्कर के स्तर को स्थिर रख सकते हैं।

# ठेकेदार को ही मिलना है अमृत, नागरिकों को तो तीन चार वर्षों से विष ही मिल रहा

## मजबूत सड़कों को खोदने का अभियान जारी, दो दिन तक रोक दिया जाता है रास्ता अभी सड़कों के लिए नागरिकों को किया जा रहा परेशान, भविष्य में पानी के लिए होंगे



नर्मदापुरम( निप्र)। शहर में बे-मतलब की अमृत योजना न जाने कब तक चलती रहेगी। नागरिकों को परेशान करते रहेगी। इस योजना का कार्य पिछले तीन वर्ष से अधिक समय से चल रहा है। शहर की मजबूत सड़कों को खोदने का अभियान हर कभी शुरू हो जाता है। कभी लेबर के द्वारा कभी जेसीबी के द्वारा सड़कों की खुदाई कर पाइपों को जमीन के नीचे गाड़ने की कवायद चलती रहती है। नागरिकों को अब शक होने लगा है कि यह योजना कभी सफल होगी भी या नहीं। क्योंकि हर कभी कहीं भी पाइप लाइन डलने लगती है। आड़ी तेड़ी कैंसी भी पाइप लाइन डाली जाती है। जिससे आने वाले समय में हर कहीं से पाइप लाइन से पानी का रिसाब होगा। नागरिकों के निवास तक पानी पहुंचेगा भी या नहीं इसमें संशय है। नागरिकों में आपस में चर्चा हो रही है कि इस योजना से नागरिकों को तो शायद ही कोई लाभ हो इससे पहले की भी एक जलावर्धन योजना आई थी उससे भी कोई फायदा शहर वासियों को नहीं को सका। नर्मदा तट के नागरिकों को गर्मी के मौसम में पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है। शासन प्रशासन की समस्या हल कराने पर जोर दे रहा है। गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। शहर में पेयजल के प्रबंध के लिए भेजी गई करोड़ों की राशि की बंदरबांट होने के कारण शहरवासियों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अनेक बड़ी- बड़ी पानी की टंकियां हैं लेकिन वे सफेद हाथी साबित हो रही हैं। नर्मदा जल का कनेक्शन हो या ट्यूबवेल का हो अनेक वार्ड के नागरिक पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। जबकि बड़ी संख्या में लोगों ने स्वयं के जेट पंप खुदवा लिए हैं। लेकिन जो नल कनेक्शन वाले उपभोक्ता हैं। उनको प्रेशर नहीं मिलने से दो तरह से परेशानी हो रही है। उन्हें मोटर खरीदनी पड़ रही है जिसे नल में लगाकर पानी खींचना पड़ता है। इसके कारण उनके बिजली के बिल ज्यादा आ रहे हैं। जिनके पास मोटर नहीं उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। उन्हें दूर से पानी लाकर गुजारा करना पड़ रहा है। नपा के अधिकारी कर्मचारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। कमजोर मोटरों से पानी ही नहीं चढ़ पाता है। नपा के जल प्रदाय प्रभारियों सुपरवाईजरों से लोग बार- बार जल प्रदाय व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उसका उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है क्योंकि उनके वश में कुछ रह ही नहीं गया है। शहर के बालागंज के बबलू खान, कोठीबाजार के रोहित कुमार, संजय सिंह आदि अनेक लोगों ने बताया कि पानी की टंकी और ट्यूबवेल का प्रेशर बनाकर जल प्रदाय किया जाता है तब भी पानी नहीं मिल पा रहा है। नगर पालिका पानी उपलब्ध कराने में फेल हो रही है। बीते कुछ दिनों से पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

### हाईसिंग बोर्ड का मार्ग ही रोक दिया

हाईसिंग बोर्ड की ओर जल प्रदाय की पाइप लाइन डाली जा रही है। जिससे यहां पर मुख्य मार्ग की सड़क को खोदकर उसके नीचे पाइप लाइन डालने के कार्य के चलने के दौरान दो दिनों से मुख्य मार्ग को ही रोक दिया। लोगों को दूसरे मार्ग से आना जाना करना पड़ा। सड़कों को खोदने के बाद ऐसा ही पड़ा रहना है।

### पाइप सही ड़ल रहा या नहीं जांच होनी चाहिए

जो पाइप डाले जा रहे हैं उनकी इस समय पर जांच होनी चाहिए कि वह सही डल रहे हैं या कोई खामी है इसकी बड़े इंजीनियर से जांच होनी चाहिए क्योंकि पाइप जमीन के नीचे डल रहे हैं।

### पूर्व इंजीनियर के कारनामें को भुगत रहा शहर

ऐसा ही पहले एक रमेश वर्मा नाम के इंजीनियर ने रात में कमाल दिखाकर जलावर्धन योजना की राशि हड़प कर खुद के तथा उसके लग्गे भग्गे के बारे न्यारे करके चला गया अब उसके कारनामें शहर भुगत रहा है। लोग पानी को तरस रहे हैं।

# संभावित बाढ़ प्रबंधन हेतु सभी तैयारियां मानसून पूर्व पूर्ण करें : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

## कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक के दौरान दिए आवश्यक प्रबंधात्मक दिशा निर्देश




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले में आगामी वर्षाकाल के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षात्मक एवं प्रबंधात्मक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रबंधन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां मानसून पूर्व ही पूर्ण कर ली जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बीते वर्षों में बाढ़ से प्रभावित हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर उनका डाटा संकलित किया जाए तथा उसकी विस्तृत समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए पहले से राहत केंद्र निर्धारित कर वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने जिला स्तर पर बाढ़ प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा उसमें कार्यरत कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी करने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम 24×7 संचालित किया जाएगा, इसी अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की जाएगी। कलेक्टर ने होमगार्ड विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रबंधन में उपयोग होने वाले सभी संसाधनों एवं उपकरणों की समय रहते जांच सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक अनुविभाग में प्रशिक्षित क्विक रिस्पांस टीम गठित कर उन्हें आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए।

# सात दिनी श्रीराम कथा एवं शिवपुराण पाठ का आयोजन

## कलश यात्रा में शामिल हुए धर्मप्रेमी

बनखेड़ी( निप्र)। सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं शिवपुराण पाठ का अयोजन शुरू हो गया है। जिसके शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई जिसमें धर्मप्रेमी श्रद्धाभाव के साथ शामिल हुए। माँ नर्मदा जी की असीम अनुकम्पा से श्रीराम कथा एवं शिवपुराण पाठ का आयोजन सोमवार 18 मई 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम करैया बनखेड़ी में कलश यात्रा के साथ सात दिनी धर्म कार्य का श्री गणेश हो गया है। आयोजकों ने बताया कि रविवार 24 मई को पूर्णहुति होगी। कथा समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। व्यासगादी से चित्रकूटकूट धाम से पूज्य राष्ट्रीय विदूषी मानस तत्त्वावेषिका पंडित नीलम गायत्री जी के श्री मुख से कथा का रसपान श्रद्धालुओं को होगा। आयोजन कर्ता का आग्रह करते हैं कि समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में पधारकर कथा अमृत रसपान कर धर्म लाभ प्राप्त करें। नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी विकासखंड स्थित ग्राम करैया के कथा आयोजन कर्ता समाजसेवीरनवीर सिंह पटेल भगवानदास पटेल परमेश्वरदास पटेल हेमराज पटेल ने सभी धर्मप्रेमी भक्तों से कथा श्रवण करने आग्रह किया है। व्यवस्था टीम शिवकांत पटेल शिवम पटेल, अरविंद पटेल टीकाराम पटेल नीलेश पटेल बृजेश पटेल प्रदीप पटेल रामसिंह पटेल विश्राम पटेल ऋषभ पटेल रिदित पटेल सिद्धार्थ पटेल नंदनी पटेल समेत सभी ग्रामवासियों ने धर्मप्रेमी जनों से कथाअमृत रसपान करने की अपील की है।

# अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संवेदनशीलता बरतें अधिकारी, आपसी समन्वय एवं नियमित मॉनिटरिंग से करें लंबित मामलों का निराकरण: कलेक्टर सोमेश मिश्रा

## समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



नर्मदापुरम( निप्र)। आवारा गौवंश को अभियान चलाकर गौशालाओं में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए उनका निराकरण करें। सीमांकन एवं नामांतरण के मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग अभियान मोड में कार्य करें। पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ मिले। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अधिकारी जवाब देही के साथ करें कार्य। ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत हस्तलिखित विरासत के सर्वेक्षण संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए समस्त अनु विभागों में सभी संबंधित विभाग तत्परता से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पुरी जवाब देही के साथ सभी विषयों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा के सभी मामलों में निर्धारित समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए तथा प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि लंबित मामलों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों में विभागों द्वारा कंप्लायंस दर्ज की जा चुकी है, उन प्रकरणों को नियमानुसार विलोपित किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहें।कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक के दौरान सभी अनुविभागों में अभियान चलाकर व्यवस्थित रूप से आवारा गौवंश को गौशालाओं में स्थानांतरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को गंभीरता एवं समन्वय के साथ अभियान मोड में संचालित किया जाए, ताकि सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विचरण कर रहे गौवंश से होने वाली समस्याओं का समाधान हो सके।कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि गौशालाओं में रखे गए गौवंश की पशुपालन विभाग के डॉक्टरों द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि पशुपालकों द्वारा अपने गोवंश को खुला छोड़ा जा रहा है तो उन्हें समझाइश दी जाए तथा समझाइश के बाद भी यदि संबंधित पशुपालकों के व्यवहार में सुधार नहीं होता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों की अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि पेंशन, सहित अन्य भत ?तों के लंबित प्रकरणों को सूचीबद्ध करें तथा सभी मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का निराकरण करें। कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन एवं नामांतरण के लिए अभियान मोड में कार्य करें। सभी अधिकारी समय सीमा का निर्धारण करते हुए उक्त समस्त मामलों का निराकरण करें।उन्होंने कहा की पीएम श्रमयोगी मानधन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए।

# नर्मदापुरम विधायक की अनुशंसा पर 02 निर्माण कार्य हेतु

## 02 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक ?टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 02 निर्माण कार्यो के लिए 02 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स ?वीकृति जारी की गई है।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप ?त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम साकेत स्थित शासकीय हाईस ?कूल साकेत में साईकिल स ?टेंड/टीन शेड निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपये एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम साकेत स्थित शासकीय हाई स ?कूल साकेत में मंच पर टीन शेड निर्माण के लिए 01 लाख रूपये की प्रशासकीय स ?वीकृति प्रदान की गई है।

# मोहासा में श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित, श्रम योजनाओं की दी गई जानकारी

नर्मदापुरम (निप्र)। माखननगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मोहासा में सोमवार को श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा प्रधानमंत्री श्रम



योगी मानधन योजना के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ष्टस्ष्ट के माध्यम से श्रमिकों के मानधन योजना में पंजीयन की कार्यवाही की गई। साथ ही संबल योजना एवं म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। श्रम निरीक्षक द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम, बंधुआ श्रम अधिनियम, एवं बोनस भुगतान अधिनियम जैसे विभिन्न श्रम कानूनों के बारे में भी श्रमिकों को जागरूक किया गया।इसके अतिरिक्त श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित संस्थान ग्रेन टेक, ग्राम मोहासा तहसील माखननगर जिला नर्मदापुरम में निर्माणाधीन कार्यस्थल पर पहुंचकर वहां कार्यरत प्रवासी श्रमिकों का प्रवासी पोर्टल पर पंजीयन भी कराया।

# गठित होना है कैरियर संबंधी मार्गदर्शन काउंसलर्स टीम

नर्मदापुरम ( निप्र)। मध्यप्रदेश शासन की कैरियर काउंसलिंग योजना के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने हेतु काउंसलर्स की टीम गठित की जाना है। काउंसलर्स की टीम में एक मनोवैज्ञानिक के अलावा मार्गदर्शन हेतु तीन विषय विशेषज्ञ रहेंगे जो क्रमांश प्रवेश प्रतियोगी परिक्षा एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन देंगे। काउंसलर्स के नियमानुसार मानदेय दिय जायेगा। काउंसलरों के पैनल हेतु कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले व्यक्ति जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम में 18 मई से 05 तक आवेदन दे सकते है। आवेदन करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय में स्वयं आकर फार्म एवं अन्य दस्तावेज जमा करें। काउंसलर्स के पैनल में मनोवैज्ञानिक हेतु आवेदन के लिए मनोवैज्ञानिक में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञ हेतु आवेदन के लिये एडमीशन तथा स्कॉलरशिप प्रवेश एवं प्रतियोगी एवं रोजगार प्रशिक्षण के क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं परामर्श देने का अनुभव एवं योग्यता रखना अनिवार्य है। आवेदन संबंधी अन्य जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय के कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

# एनसीसी के 10 दिवसीय शिविर में कैडेट्स को मिल रही जीवनोपयोगी जानकारी

## एनसीसी का शिविर ज्ञानोदय विद्यालय के समीप आयोजित किया जा रहा है।



नर्मदापुरम ( निप्र)। कैंप सूबेदार राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिवसीय ये कैंप कैंप कमांडेंट कर्नल एस पी सिंह, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह चुंडावत के दिशा निर्देश में 11 मई से चल रहा है कैंप के पांचवे दिन एसडीआरएफ राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा 13 मध्यप्रदेश बटालियन नर्मदापुरम द्वारा आयोजित कैंप में एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त इस आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आपात स्थितियों प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ भूकंप भूस्खलन के समय बचाव कार्य और प्राथमिक उपचार के लिए तैयार करना है। बचाव कार्यों में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों जैसे कि रस्से स्ट्रेचर और लाइफ जैकेट के सही उपयोग की जानकारी देना रहा वही कैंप के छठवें दिन नर्मदापुरम पुलिस और यातायात विभाग के अधिकारियों द्वारा एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा के सभी महत्वपूर्ण नियमों ;जैसे सीट बेल्ट का महत्व हेलमेट पहनना ओवर.स्पीडिंग से बचाव की विस्तृत जानकारी एएसआई प्रमोद पटेल के द्वारा दी गई। उन्होंने कैडेट्स को सड़कों पर उतरकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई और नियमों का पालन न करने वालों को जागरूक करने के लिए कहा। वीएचएम पूरन मिश्रा ने एनसीसी केडिट्स को नियमित ड्रिल कैंपिंग और सामाजिक सेवा के माध्यम से अपने चरित्र का निर्माण करने पर जागरूक किया। सूबेदार मेजर वीसी तिलक ने एनसीसी कैडेटों को सशस्त्र बलों की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। जिसका मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में नेतृत्व क्षमता चरित्र और राष्ट्रभक्ति के गुण विकसित करना है।

एनसीसी प्रशिक्षण के बारे में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने एनसीसी कैडेट्स को जीवन में आगे बढ़ने अनुशासन शारीरिक फिटनेस और नेतृत्व के गुणों पर ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण उन्हें एक बेहतर नागरिक और भविष्य के सफल लीडर के रूप में तैयार करता है उनके नेतृत्व में एनसीसी केडिट्स फ्लैग एरिया की तैयारी रंगोली से कर रहे हैं। हवलदार भंवर लाल द्वारा एनसीसी केडिट्स को फायरिंग के टिप्स सिखलाए उनके दिशा निर्देश में एनसीसी केडिट्स गार्ड ऑफ ऑन की शिक्षा बेहतर तरीके से ले रहे हैं। इसी क्रम में कैंप के सातवें दिन हवलदार घमंडा राम एनसीसी केडिट्स को मैप रीडिंग कैसे की जाती है कि सिखलाई दी। सेकेंड आफिसर शेख कमर प्रशिक्षण में नियमित रूप से केडिट्स को खेल प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं वहीं लेफ्टिनेंट संतोष अहिरवार कैप्टन एक इन मालवीय कैडेट्स को ड्राइंग ओर कल्चरल की तैयारी करा रहे हैं। जिला चिकित्सालय के डॉ नीलेश राठौर एवं हवलदार सचिन कुमार केडिट्स के स्वास्थ का नियमित चेकअप कर उचित दवाइयां वितरित कर रहे हैं।

# आरोह 2026 योजना अंतर्गतकेसला में खेल के साथ मनोरंजन, व्यक्तित्व विकास और स्वास्थ्य पर जोर

नर्मदापुरम ( निप्र)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश की आरोह 2026 योजना के अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य विकासखंड केसला में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 01 मई 2026 से शुरू हुए ये शिविर तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं, ग्राम पंचायत जामनी के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में प्रशिक्षक सुमित यादव द्वारा कबड्डी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खेल परिसर में प्रशिक्षक विकास कोरी के नेतृत्व में हॉकी के गुर सिखाए जा रहे हैं, एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पथरोटा में प्रशिक्षक जगन वारसे द्वारा वालीबॉल एवं एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-नर्मदापुरम (म0प्र0)

ई-मेल-modgmhos@mp.gov.in

क्रमांक/............/ खनिज/2026-27 — नर्मदापुरम, दिनांक /....../....../2026

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स सांवरिया सप्लायर, प्रो0 श्री रामकृष्ण शर्मा आ0 श्री आर.बी. शर्मा, नि0-जुमेराती नर्मदापुरम, तहसील व जिला-नर्मदापुरम (म0प्र0) द्वारा मुरूम खनिज उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ई-खनिज पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10/02/2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक-MIN/0104/2026-O/oMRD-NDPM-COLL I/839192/2026 दिनांक 24/02/2026 (विज्ञापन क्रमांक-जी26582/25 दिनांक 28/02/2026) प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नर्मदापुरम | डोलरिया | टेमलाकलॉ | 31/1 | 2.000 हे. | शासकीय | मुरूम | - |
| | | | कुल रकबा | 2.000 हे. | | | |

1- उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/13050/26

जिला खनि अधिकारी
जिला-नर्मदापुरम ( म0प्र0 )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com